534. राजेश त्रिपाठी, जन चेतना मंच, रायगढ़ – जनवरी से लेकर अभी 2021 तक ये छठवी जनसुनवाई है और अच्छी बात यह है कि जो सभी जनसुनवाईयां यहीं हुई है, प्लांट भी जो 02–03 कि.मी. के रेडियस में है, सभी जनसुनवाईयों की ई.आई.ए. भी बनी है और अच्छी बात यह है कि लगभग सभी ई.आई.ए. हमारे रेड्डी साहब ने बनाये है, हमारा यह मानना है कि उद्योग लगे, उद्योग लगना चाहिए, देश का विकास होना चाहिए, देश आत्मनिर्भर होना चाहिए, परन्तु ये सरकार के पर्यावरणी मापदण्ड है पहली बात यह है कि उनका पालन हो, दुसरा कोराना काल में हमने लगभग देखा कि रायगढ़ जिले अंदर लोग जो पलायन करके काम करने जाते है वो कोरोना काल में वापस आये तो उद्योग स्थापित होता है तो स्थानिय लोगों को रोजगार हमारे जो युवा है युवतियां है पढ़े–लिखे नौजवान लोग है उनको स्थानिय लोगो को रोजगार मिलना चाहिए। सर जो हम ई.आई.ए. का अध्ययन कर रहे है तो कई लोग मेरे से बोलते थे कि आप क्या बोलने जा रहे है। मै यह कहता हूँ कि एक ही जगत उद्योग स्थापित है एक ही प्रभावित गांव है, एक ही जगह के लोग है तो निश्चित तौर पर जो सुझाव होगा वह एक ही होगा। जब मै ई.आई.ए. का अध्ययन कर रहा था तो एक अध्ययन पर पर्यावरणीय डाटा आपके तीनो चारो ई.आई.ए. में है परसो मैं उस बात को रखा भी था। यहा के रायगढ़ जिले का पर्यावरणीय अध्ययन और हमारा पर्यावरण यह कहता है कि और ज्यादा उद्योग लगना चाहिए और यहा विस्तार होना चाहिए तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। पर हमारे रायगढ़ जिले का अध्ययन तो हो जाये। जब केन्द्रीय पालुशन बोर्ड भोपाल ने रायगढ़ जिले का अध्ययन किया ये जो एस.एस.पी.एम. मानक होता है उस मानक का अध्ययन हुआ तो हमारे रायगढ़ जिले का जो पर्यावरण कार्यालय वहा अधिकतम पाया गया 516 और न्यूनतम पाया गया 400 हॉटल श्रेष्ठा में एक मशीन लगा के वहा अध्ययन किया गया वहा का मानक पाया गया 601 अधिकतम न्यूनतम 400, औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा, अधिकतम 1123 न्यूनतम 400, जिंदल स्टील पता नहीं यहा का क्यो 298 और 400 और तराईमाल जो मै यहा खड़ा हूँ यहा का अध्ययन रिपोर्ट बता रहा है 1109 अधिकतम पहुचा यह डाटा आप गुगल में सर्च करिये मेरे किसी मंच में झुठ बोलने की आदत नहीं है, मै तथ्यों के आधार पर बात करता हूँ। और मै यह कहता हूँ कि जो पर्यावरण पर दुषप्रभाव पड़ेगा वो करोड़ो का होगा गरीब और अमीर से मजदुर और किसान य नहीं देखेगा। इसके परिणाम से हम सभी प्रभावित होंगे। और दुषप्रभाव के आंकलन को हम सब मिलकर कैसे बेहतर कर सकते है और मुझे लगता है कि रायगढ़ के उद्योगपतियों को भी, प्रशासन को भी और रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों को सब को बैठ कर विचार करने की जरूरत है और हमे पर्यावरण की संरक्षण की दिशा में काम करना होगा तभी हमारी आने वाली नश्ले है रायगढ़ में सुरक्षित होगी। सर ये जो ई.आई.ए. बनी है और अभी 06 बनी है और जनसुनवाईया हुई है उनमें से आपके द्वारा अधिकतम ई.आई.ए. बनाई गई है और यही जनसुनवाई हुई है। इ.आई.एम. में जो ग्रामो के डाटा है वो 83, 46 है और जो बी. एस. की ई.आई.ए. है इसमें केवल 36 है। उसमे 46 और इसमें 36 है तो हम यह मान ले कि ये ई.आई.ए. गलत है या आपके द्वारा पहले बनाई गई है जिसकी जनसुनवाई हुई है उसकी ई.आई.ए. गलत है। कही ना कही तो कुछ चल रहा है और इस अध्ययन के रवैये में जो देते है। अभी 02 तारीख को सिलिकोसिस से एक सराईपाली ग्रामपंचायत में मरीज मिले है। इस ई.आई.ए. में कही भी नहीं लिखा है कि हमारे इस क्षेत्र में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी हुई है और इससे 11 लोग मारे गये है जिसमें से 07 महिला है।

और वो सिलिकोसिस ला–इलाज है। जैसा की कंपनी ई.आई.ए. में कहता है कि हम स्वास्थ्य परिक्षण करेंगे। मेरा यह मानना है कि हम लोगो का उद्योग स्थापित होने से पहले स्वास्थ्य परिक्षण होना चाहिए और सभी इकट्ठे होकर साल में 01 या 02 बार स्वास्थ्य परिक्षण करे तो उससे य पता चलेगा कि यहा के वातावरण में लोगो के रहने का किस प्रकार दुषप्रभाव पड़ रहा है। जो अध्ययन करते है और मैं हमेशा इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करता हूँ आज हमारी वही सड़के 1991 की है। आपकी ई.आई.ए. के मुताबिक जो कोयला आयेगा मैने इस आंकड़े का अध्ययन किया है कि साल में आपको कितनी गाड़ी लगेगी तो लगभग 3006 ट्रक आपको लगेगा कोयला ढोने के लिये। एक दिन में जो होगा आपको 105 ट्रक कोयला लाना होगा ये आपके खपत की मात्रा है। फिर आप स्पंज ऑयरन लायेंगे, फिर निर्माण होगा, फिर उसको बाजार में लेके बेचेंगे तो यदि हम के कि आपका जो ट्रांसपोर्टींग सिस्टम होगा वह 500 ट्रक का होगा। यानि हमारे सड़को पे 500 ट्रको का और प्रभाव पड़ेगा। तो क्या पहले यह हो जाना चाहिए कि रायगढ़ जिले में 4लेन सड़क हाना चाहिए जिसमें 35 टन के ट्रक चल सके। कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है तो हमारा ऑयरन ओर आयेगा, ये जो हमारा कोयला आयेगा फिर हम उसको बेचेंगे तो जायेगा कही ना कही और वह सड़को के माध्यम से जायेगा यानी सड़क के माध्यम से हमारे क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा ज्यादा बढ़ेगी। सर आपने ई. आई.ए. में लिखा है कि 80000 टन फ्लाई ऐश निकलेगा हमारे जिले में जो कोयला है रायगढ़ जिले का वो उसका ग्रेड 11 होता है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत फ्लाई ऐश निकलता है। साउथ अफ्रिका का जो कोयला आता है उसमें लगभग 45 प्रतिशत फ्लाई ऐश निकलता है और जो कोयले जो ईटा बनायेंगे लगभग 80000 टी.पी.ए. बनायेंगे और ई.आई.ए. में नहीं लिखा है कि ईटे कौन बनायेगा। कंपनी बानायेगी कि गांव के लोग बनायेंगे कि कहा बनेगा ईटा और ये फ्लाई ऐश निस्तारण कैसे होगा जो कि इसमें कही ऐश डाईक का शब्द नहीं लिखा है कि हमारा उत्पादन जो फ्लाई ऐश का होगा उसका हम निस्तार कैसे करेंगे। जो कि एन.जी.टी. का आदेश जो फिछले महिने का है फरवरी का, एन.जी.टी. ने साफ कहा है कि आप फ्लाई ऐश को ऐश डाईक के अलावा कही भी नहीं डाल सकते। तो ये फ्लाई ऐश हम कहा रखेंगे। इसका निस्तार कैसे होगा इस पर भी कंपनी को विचार करना चाहिए प्रशासन को भी विचार करना चाहिए। जब ये प्रोडक्शन चालु होगा तो लगभग 450 लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जमीन कितनी जायेगी लगभग 32–33 हेक्टेयर 33 प्रतिशत अब आप वृक्षारोपण करेंगे तो कंपनी 10 सालो से चल रही है उसको वृक्षारोपण को पहले से करना चाहिए। जो बी.एस. कंपनी है 03 तरफ से सड़क है यदी यह मान ले सड़क के उस पार का तो बी.एस. कंपनी वन विभाग की जो रियल फारेस्ट है उससे चारो तरफ घिरी हुई है। तो उसका जो दुषप्रभाव पड़ता है वो सीधा–सीधा हमारे वनों पर पड़ता है यदि हमव न विभागों की रिपोर्टो का अध्ययन करे, अवलोकन करे तो निश्चित तौर पर यह देखा गया है कि केन्द्रीय वन पर्यावरण की टीम एक साल रायगढ़ में आयी थी 2015 में उनकी रिपोर्ट के मुताबिक रायगढ़ जिले का 300 कि.मी. जंगल जो है वह खत्म हो गया है अगर आप देखेंगे तो मेरे पास रिपोर्ट है तो अगर वो जंगल खत्म हो गया है फिर करोड़ो रूपये आप जंगलो के संरक्षण के लिये भी मांग रहे हो। यह बात हम किसी इसी कंपनी की बात नही कर रहे है। वह रेल्वे में हुआ, डेम में खत्म हुआ पॉवर प्लांट में हुआ, स्पंज ऑयरन प्लांट में हुआ तो उसको हम कैसे संरक्षित कर सकते है यह एक चिंता का विषय है। सर एक एयरवेदा की वेबसाईट है आप

(29)

गुगल में सर्च कर देखित अभी मै 02 मिनट पहले देख रहा था तराईमाल 256 बता रहा है पी.एम.2.10 और मै अभी यह देख रहा था कि रायगढ़ हमारी ऑल इंडिया किसी रैंकिंग में हम प्रदूषण में है। सर 13वें नंबर में मैं अभी यहा खड़ा हूँ 05 मीनट पहले। ऑल इंडिया रैंकिंग में प्रदूषण के मामले में यहा मैं तराईमाल में खड़ा हूँ अभी हम 13वें नंबर पर है और आप कहते है कि सामान्य से कम प्रदूषण है। आखीर हम झुठ किसके लिये बोल रहे है सर। मेरा हमेशा यह प्रश्न रहा कि पैसा आखरी परिवार के सुख–सुविधाओं के लिये है इकट्ठा करना चाहते है पैसा हमारे समाज के लिये, देश के विकास के लिये इकट्ठा करना चाहते है परन्तु हम समाज को दाव में लगा कर हम क्या पैसा इकट्ठा करना चाहेंगे। और तथ्य भी यही है कि जब हम आपके कागजो का अध्ययन करते है वही आदमी ई.आई.ए. बनाने वाला, वही 43 गांव की ई.आई.ए. बननी वाली, और उसी में आकड़े मै अभी रखा हूँ यही आप क्रास चेक करना चाहेंगे तो सभी 06 ई.आई.ए. लेकर आया हूँ। कि 06 में से सौभाग्य से 04 आपने बनाई है और चारो के ई.आई.ए. के आंकड़े सर डाटा अलग–अलग हो तो फिर प्रश्न यह उठता है कि कौन सी ई.आई.ए. सही है किस ई.आई.ए. पर मैं बात करू और किस ई.आई.ए. पर अध्ययन हो। दूसरी बात ये बोलते है कि हम अध्ययन करते है तो मैं पहले भी बाला था कि हम किसी गांव का पानी का सैम्पल लेते है क्या उस गांव में चौकीदार, सरपंच, उपसरपंच, रोजगार सहायक ऐसे सरकार के 10 नुमाईदे है। क्या हम उससे वेरीफाई करते है कि आपके इस गांव का, इस कुआ का, इस नाले का, इस तालाब का हम सैम्पल ले रहे है आप इसमें हस्ताक्षर करीये और यह गवाह बनिये कि हम इसको सैम्पलिंग करेंगे इसका जो डाटा निकालेंगे। हम वह करते नहीं है पुरी ई.आई. ए. के अंदर एक भी आंगनबाड़ी जो भी यहा के बच्चे काफी ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित हो रहे है, यहा की जो स्तनधारी जीव है आपको बता दू कि लगभग 46 प्रतिशत गाय और बकरी बच्चे नहीं डाल रही है सर प्रदूषण की वजह से। यहा एक बीमारी सर नयी आई है बच्चे खेलते–खेलते बेहोस हो जा रहे है और जब यहा के हासपिटल में ले जाया गया उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उनके यहा ब्रेन में ब्लड के थक्के जमा हो जाते है और जब यहा के डॉक्टर से मरी बात हुई मिश्रा साहब है जिसके छोटे भाई चिफ जस्टीस बिलासपुर हाईकोर्ट में है, प्रदूषण की वजह से ब्रेन की जो नशे है उसमें थक्के जमा हो रहे है ब्लड के थक्के। परन्तु इनका अध्ययन नहीं है कभी स्वास्थ्य परीक्षण विशेसज्ञो द्वारा हुआ नहीं जाता है कभी प्रदूषण के मापदण्ड को निर्धारित करते नहीं और हमको दिनप्रतिदिन लगता है कि रेड्डी साहब आपको ई.आई.ए. बनाने का 10–15 लाख मिल जायेगा। कंपनी की अच्छी–खासी इंकम तैयार हो जायेगी और मेरा बुनियादी सवाल यही है कि हम किस तरह से लोगो की जिंदगी को दाव में कब तक लगाते रहेंगे। कल का आपने विधानसभा प्रश्न देखा होगा कि हमारे रायगढ़ विधानसभा के विधायक प्रकाश नायक जी ने विधानसभा प्रश्न किया था सौभाग्य से वह विधानसभा प्रश्न भी हमी ने बनाया था तीन विधायको का मैं बनाता हूँ। पर्यावरण के मुद्दे विधानसभा में प्रश्न आया था 371 छोट–बड़े उद्योग स्थापित है रायगढ़ जिले के अंदर पर्यावरण विभाग के द्वारा केवल 01 साल के अंदर 158 उद्योगो का निरीक्षण किया गया, यह मै नहीं बोल रहा हूँ विधानसभा प्रश्न के अंदर मोहम्मद अखबर जो पर्यावरण मंत्री है ये उनका जवाब है उन्होने कहा की रायगढ़ जिले के अंदर एक भी डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा है जहा हम यह आंकड़े देख सके कि पी.एम. 10 की मात्रा कितनी है पी.एम. 2.5 की मात्रा कितनी है, कार्बन कितना है, फास्फोरस कितना है जो हवा उड़ने वाले तत्त्व

है उन्होने खुद स्वीकार किया सेन्ट्रल गवर्नमेंट से 03 आपके रिपोर्ट बोल रहे है सर सेंसन है पर्यावरण विभाग ने 215 में गवर्नमेंट को लिख दिया कि हमारे पास इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है और डिस्प्ले बोर्ड लगाने के लिये जो 10 बाई 10 की जगह होनी चाहिए वह हमारे पास नहीं है। और मेरा इस मंच के माध्यम से कहना है कि हजारो एकड़ जमीन उद्योगो को देने के लिये है 10000 हेक्टेयर जो उद्योगों के लिये भू–अर्जन की गई, 10 साल हो गये आज तक न कोई उद्योग लगा और न तो वो जमीन किसानों को वापस हुई और जो किसान वहा खेती भी कर रहे है उनको जो छत्तीसगढ़ का जो धान खरीदी केन्द्र है उन किसानों का धान भी नहीं लिया जा रहा है। और हमारे पास 10 बाई 10 के कमरे के लिये डिस्प्ले बोर्ड नहीं है। हमने कहा था कि नहीं है जगह तो आप कलेक्ट्रेड के ऊपर लगा लो, आप किरोड़ीमल चौक पर लगा लो, आप बंजारी मंदिर के ऊपर लगा लो ताकि यहा जो काम करने वाले वर्कर है कम से कम उस डिस्प्ले बोर्ड को देख सके और जिससे यहा की प्रदूषण की स्थित क्या है उस पर समुदाय का कंपनियों के ऊपर थोड़ा नियंत्रण हो जिससे लोगो की जो स्वास्थ्य सुविधाये है जो स्वस्थ्य शरी है उसका कम से कम उनका नियंत्रण हो, परन्तु वह होता नहीं। आप सर मेरे घर में डिस्प्ले बोर्ड लगा दीजिये हमारे छत के ऊपर मैं देने के लिये तैयार हूँ कोई पैसा नहीं लुंगा सर और आप बोलोगे तो उसका मैं मानीटरिंग भी कर दूंगा। हम वो भी करने के लिये तैयार है, लोगो का रेल्वे स्टेशन जैसी जगह है वहा आप डिस्प्ले बोर्ड लगवा दीजिए। कोरबा में लगा हुआ है, बिलासपुर में लगा हुआ है, भिलाई में लगा हुआ है, आखिर रायगढ़ में क्यों नहीं लगता जो कि हम साढ़े 04 अरब रूपये कोयला की रायल्टी सरकार को देते है सर बैठे है। मैं भी विभाग से यह निकाला 356 करोड़ रूपये हम डी.एन.एफ. में इकट्ठा करते है और हमारे पास डिस्प्ले बोर्ड नहीं है तो ये पैसे का अभाव है कि नियम का अभाव है प्रश्न यह उठता है। हमारी नियत भी साफ नहीं है और हम लोगो के साथ मजाक कर रहे है लोगो के स्वास्थ्य के साथ मजाक कर रहे है। सर रोजगार के मुद्दे की बात करे हमने बताया था कि 01 लाख 84 हजार रायगढ़ जिले के रोजगार कार्यालय में युवाओं का पंजीयन है और 03 लाख गांव का पूंजीनिवेश है तो अगर हमारे यहां बेरोजगार भाई बैठे है अगर ये तीन उद्योगो में तीन बेरोजगार भाईयों को नौकरी मिल जाये तो दो चिजे होती है सर, एक तो इनके परिवार की रोजी–रोटी चलेगी और हमारा जो युवा साथी है अपराधी बनने से बच जायेगा। इन 10 सालो में 1991 का आप डाटा देख लिजिए जितना पुरे रायगढ़ जिले में मौत होता था अब उतने अपराध हर महिने एक थाने में होता है यहा पुलिस के लोग बैठे है पुछ लिजिए टी.आई. बैठे है, सी.एस.पी. साहब बैठे है, एडिशनल एस.पी. साहब बैठे है आप पता लगा लिजिए और ये अपराध क्यों बढ़ रहे है। अपराध दो तरीके से बढ़ रहे है एक तो यह है कि स्थानिय लोगो के लिये रोजगार नहीं है इसलिये उनको जो अपनी जरूरत की चिजे है वो अपराधिक प्रवृत्ति से करना चाहते है। और दूसरा यह कि जो दूसरे राज्य से लोग है इनको इस बात का डर नहीं है कोई समाज नहीं है, खुद का परिवार नहीं है तो हम अपराध करने में हिचकते नहीं खरसिया के एक 05–08 साल के बच्चे को लेकर झारखण्ड का आदमी यहा से बाई रोड झारखण्ड चजा जाता है हमारे रायगढ़ के पुलिस को धन्यवाद जिन्होने 24 घंटे के अंदर कड़ी मेहनत के पश्चात सफलता पूर्वक उस बच्चे को उस परिवार तक लाकर छोड़ा। ये पुलिस की सफलता थी। लेकिन आये दिन अपराध बढ़ रहे है सर तो हमारा यह कहना है कि उद्योग स्थापित हो तो उद्योगों में स्थानिय

लोगो को रोजगार देने का प्रक्रिया जो है वो उद्योगपतियों को उद्योग के साथियों को यहा चलाना चाहिए। सर यहा के लोगो की निर्भरता क्या है। यहा कल मै देख रहा था कि अभी तेंदु पत्ता की छोपाई चल रही है यहा लोग सर यह छत्तीसगढ़ है चावल खाते है और वह एक फसल खेती करते है लगभग 18 प्रतिशत रायगढ़ जिले की जमीन है वो दो फसली है वो सिंचित है बाकी आज भी जो हमारी जमीन है वह लगभग 80–40 प्रतिशत वो सिंचित नहीं है। यह मैं नहीं बोल रहा है ये आपके हैदराबाद के अंदर एन.आई.आर.पी. में हम भी गये थे और हमारे जिला पंचायत के जो प्रशासनिक अधिकारी गये थे वहा यह कहा गया कि रायगढ़ जिले के अंदर एग्रीकल्चर फायरिंग करनी थी और सब्जी उत्पाद के लिये करना था तो उन्होने बताया कि हमारे रायगढ़ जिले का सिंचित क्षेत्र यह है तो वो बोले आप यहा क्यों बैठे है पहले जाईये रायगढ़ जिले को सिंचित कीजिए इसके बाद आप दुबारा आईये यहा जो फल उत्पादन है जो सब्जियों का उत्पादन है उसके बाद विचार करियेगा तो हमारा एग्रीकल्चर गोथ क्या है तो यहा का मेरा कहना है कि लोकल जो हमारे लोग है आदिवासी लोगो का क्षेत्र है, पॉचवी अनुसुची क्षेत्र है यहा पहली आजिविका का जो साधन है खेती है। दूसरी जो उनके आजिविका का साधन है वह जंगलो से मिलने वाला हर्रा, बेहरा, तेंदु पत्ता, महुआ, डोरी, चार, चिरोंजी उससे लोगो की आजिविका जीते है और तीसरा यह है कि उनके पास जो पशुधन है और पशुधन का हालात तो आप देख ही लिये है कि लगभग जो 46 प्रतिशत गाय के गर्भाशय में है जो चिकित्सा अधिकारी बताते है कि उनके गर्भाशय में गाठ बन गई है, गाठ बनने की वजह से उनकी प्रजनन शक्ति छीड़ हो गई और 46 प्रतिशत हमारे जो पशु है जिन पर हमारे समाज और समुदाय की निर्भरता है वो एक तरीके से इस क्षेत्र में खतम हो गया है। तो हमको इस पर विचार करना चाहिए। हमसे बोलते है कि आप वहा माईक पर जाकर चिल्लाते हो आखिर परीणाम क्या होता है। आज सर मै 15 साल बाद बता देता हूँ कि ये तराईमाल को बरसात में जो चरवाहा है तो बता देगा कि कंपनी की ई.एस.पी. चल रही है कि नहीं यही हमारी सफलता है। आज इन जनसुनवाईयों में एस.डी.एम. कार्यालय से निकालकर ये जो जनसुनवाई तराईमाल में हो रही है ये हमारी दूसरी सफलता है, तीसरी सफलता यह है कि यहा के आस–पास के जो गांव के लोग यहा आते है और कैसे भी अपनी बात रखते है तो इतने लोग निकल रहे है यह भी हमारी सफलता है। और सबसे बड़ी सफलता यह है कि जो औने–पौने दामों में यहा के किसानो की जमीन उद्योग द्वारा 100–500 रूपये में ली जाती थी आज कम से कम सरकार ने 06, 08 और 10 किया है और उससे यहा के परिवार को फायदा है तो हमारे जिले में केवल इतना ही फायदा है और हम यही मानते है कि जो लोग है अपनी बात पक्ष और विपक्ष की बात नहीं है ये सफलता और असफलता की बात नहीं है बात यहा के पर्यावरण की है यहा के आजिविका की है यहा के लोग रहते है उनके स्वास्थ्य की है उनके शिक्षा की है और विकास का जो पैमाना है तो आज कल यह कहते है आर्टिकल 21 में देश के हर इंशान को शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध वातावरण, बेहतर शिक्षा में उनका रहने का नैतिक अधिकार है जिसका आप सोचते है कि इन पुरी प्रक्रिया में आर्टिकल 21 का सीधा–सीधा उल्लंघन होता है तो सर जब इन जनसुनवाई की प्रक्रिया की जा रही है यहा के आस–पास के जो प्रभावित लोग है उनके आर्टिकल 21 की सूरक्षा की जाये उसकी निगरानी की जाये। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

535. प्रकाश कुमार, उज्जवलपुर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ क्योंकि रोजगार और आर्थिक विकास की संभावना है। आज विरोध वहीं लोग कर रहे है जिसके पास पैसा है। हमारे पास नहीं है पैसा। हमे हमारे घर के पास रोजगार चाहिए। हम बाहर नहीं जाना चाहते है। हम यही रहकर काम करेंगें। यही रहूंगा। प्लांट रहेगा तभी छत्तीसगढ़ बढ़ेगा। सरकार भी जानती है प्लांट आयेगा तो विकास होगा। हर पंचायत में गाम में सरकारी भवनों के लिये प्लांट वाले दिये है। मै स्टूडेंट हूं प्लांट से कुछ सिखने का मिलता है।

536. डमरूधर– मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

537. किर्तीलाल – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

538. देवराज – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

539. कृष्णकुमार, उज्जवलपुर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

540. फागुलाल, उज्जवलपुर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

541. हीरोलाल – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

542. तुलेश्वर सिदार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

543. चैन सिंह सिदार, – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

544. राजेश मालाकर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

545. धनुर्जय राठिया – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

546. मालाकार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

547. मंतोषी राठिया – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करती हूँ।

548. राजेन्द्र – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

549. गिरिश मालाकर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

550. बलराम, उज्जवलपुर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

551. सोन सिदार, उज्जवलपुर– मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

552. झसकेतन यादव – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

553. जितेन्द्र राम – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

554. श्यामजीत – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

555. राकेश कुमार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

556. मनजीत – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

557. दीपक राठिया, छर्राटांगर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

558. सीरस – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

559. सेतकुमार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

560. रामसिंह – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

561. बोधराय – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

562. सुरेन्द्र राठिया – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

563. नारायण – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

564. गौतम, छर्राटागंर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

565. जगेश्वर – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

566. परमानंद – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

567. शुभम मालाकार, तराईमाल – प्लांट का विरोध करने से पहले शासन, प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का घोर विरोध करता हूँ। इस कोराना काल में इस प्रकार की जनसुनवाई का कार्यक्रम कराना मैं उचित नहीं समझता। अभी कोविड–19 पुरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। आप अधिकारीगण व प्रबंधक तथा अन्य जनता कोविड से रिलेटेड नहीं लगा पाई है। ना मुझे किसी प्रकार का चिंता है। उस पर ध्यान देकर इस प्रकार का आयोजन करना मै उचित नहीं समझता, आपको भी समझना चाहिए। यहां किसी भी प्रकार का कोविड के नियमों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। अगर पुनः कोरोना विस्तार बढ़ रहा है आयोजन को प्रभावित करता है तो सम्पूर्ण जवाबदारी प्रबंधक और शासन की होगी और अगर कोई भी इस क्षेत्र का प्रभावित होता है तो मैं हाईकोर्ट में चुनौति अपील रखुंगा। इससे पहले दिनांक 25.11.2020 के आयोजित जनसुनवाई के कार्यक्रम में मैं बोला था कि कोरोना को शासन व प्रशासन खुली चुनौती दे रहे है और आज पुनः बोलता हूँ। रायगढ़ जिले में और कितने उद्योग खुलेंगे बताईये, रायगढ़ जिले में एक के बाद एक जनसुनवाई हो रही है। इसी सत्र् में इसी परिसर में इन्ही अधिकारीगण द्वारा 25.11.2020 को 27.11.2020 को दो लगातार अजय रोलिंग मिल की क्षमता विस्तार की लोकसुनवाई चली फिर 03 मार्च व 05 मार्च को एन.आर.बी.एस. की दो आयोजित हुई, समर्थन, विरोध चली। और आज बी.एस. स्पंज प्रा.लि. की जनसुनवाई संचालित है। इतना ही नहीं 12 मार्च और 07 अप्रेल की जनसुनवाई प्रस्तावित है। इससे सीद्ध होता है कि जन–जीवन की कोई सुनवाई नहीं है। यहा जितनी भी जनसुनवाई हुई है उसे वही अधिकारी, वही पुलिसकर्मी, वही लोग, वही बंजारी परिसर, वही टेंट, वही दलाल, वही गांव के लोग बस अंतर इतना है कि प्रबंधक लोक प्लांट का नाम बदल रहे है। पैसे के बल–बुते पर ही यह विस्तार बढ़ा रही है और समर्थन पा रही है। हर अधिकारी के लिये लाख–लाख रूपये हर गांव के दलालो के लिये लाख–लाख रूपये बाट रही है ये कंपनिया। बस यही नहीं कोई भी कानुन का पालन नहीं कर रहा है। अपने नैतिक दायित्यों का भी निर्वहन नहीं कर रहा है। आज लालची तरीके से ई.आई.ए. बनाकर यहा जनसुनवाई कार्यक्रम करने पहुच जाती है, बी.एस. कंपनी भी यही है जो 43, 36 गांव को समेट लिये है। मैं लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहा हूँ मैं अपनी बात विधिक तथा संवैधानिक तरीके से रखुंगा। 73 व संविधान संसोधन 1992 के तहत पंचायती राज ग्रामीण क्षेत्रों में लागु है भारत के संविधान में यह लागु है और अनुसूची 05 के तहत् जिला रायगढ़ व ग्राम–तराईमाल अनुसुची 05 क्षेत्र में आता है। पेशा अधिनियम 1996 लागु है यहा ग्रामपंचायत और ग्रामसभा सर्वोपरी है लेकिन ग्रामपंचायत तो अपनी हस्ताक्षर नहीं है और इन प्रबंधको को आपने करोड़ो की रकम पर दोनो कानुन को भंग करने की रणनीति अपना रहे है। प्रबंधक और ये शासन से पुछना चाहता हूँ कि इसी आवेदन, प्रतिवेदन ग्रामसभा, ग्रामपंचायत में कहा रखी है ग्रामपंचायत में या ग्रामसभा में और मैं अगर चाहु तो प्रबंधक और ग्रामपंचायत का कागज बज के नहीं जा सकता। क्योंकि ये ग्रामपंचायत में करवाती है प्रस्तावित तो ग्रामपंचायत–तराईमाल का आश्रित ग्राम निरजपुर छुटा है और यह ग्रामसभा में

कराती है तो इन्हे यह नहीं पता की ग्रामसभा की अध्यक्षता कौन करता है। और यदी ग्रामपंचायत प्रस्तावित की है तो ग्राम–तराईमाल में भी ग्रामसभा होनी चाहिए थी और ग्राम–उज्जवलपुर में भी ग्रामसभा होनी चाहिए थी। आज भी दुसरे गांव से आ जाते है और हमारे गांव तराईमाल में 20–25 डिसमील जमीन ले लेते है पंचायत का पद धारण कर लेते है और आ जाते है कंपनी का दलाल बनने। ग्रामपंचायत तो मासुम है उसको कुछ नहीं आता बस उसे फायदे से ही मतलब है। उनको पेशा कानुन क्या होता है नहीं पता है। इस प्रकार का औद्योगिक क्षेत्र है पंचायती व्यवस्था सही नहीं है। मैं चाहता हूँ कि इस अनुसूचित क्षेत्र–05 में राष्ट्रपति से भी बढ़कर ग्रामपंचायत होती है। इस प्रकार संविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है, उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख सिर्फ और सिर्फ ग्रामपंचायत होता है। लेकिन इन ग्रामीण पंचायतों को क्या पता बस प्रबंधन की लालच में आकर पुरी ग्रामवासी को मरने–मारने का ठेका ले लेते है। इसी पंचायत में प्लांट का प्रंबंधक का मनोबल बढ़ता है यदि ग्रामपंचायत और दलाल प्रबंधक की मुट्ठी में है। इससे ग्रामपंचायतो के सदस्यों का शासन के अलावा प्रबंधन से भी लाभ पहुचता है, जेब भरते है, दीवाली आती है, दशहरा आता है, घर में मिठाई पहुचती है। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे पर्यावरण अधिकारी पर्यावरण का अर्थ मुझे समझा दीजिए। या तो वे पर्यावरण का अच्चे से जानते होंगे क्योंकि वे पर्यावरण अधिकारी है। यह कि मैं शुद्ध, स्वच्छ गांव में रहता हूँ इसलिये। पिछली जनसुनवाई में मैं यहा उपस्थित था मौसम खराब था, बहुत हवायें चल रही थी उस दिन सायद पर्यावरण अधिकारी काला चश्मा पहन कर आये थे उन्हे हवा के साथ–साथ काले डस्ट और प्रदूषण नहीं दिखा इससे बड़ा क्या एक्जाम्पल हो सकता है बताईये। ये किस तरह के प्रदूषण पर विश्वास करेंगे। और अपना निर्णय लेंगे। अभी भी मैं दावा करता हूँ कि कही भी जाने की जरूरत नहीं है मैं यहा पर प्रदूषण कितना है इसका प्रमाण दुंगा। बस सर आपको बंजारी मंदिर के परिसर के चारो ओर घुमना पड़ेगा उसके बाद आप जो पहने है कपड़े, वाईट करल का मास्क काले नहीं पड़ गये तो क्या बोलु। अगर यहा प्रदूषण नहीं है तो मेरा समर्थन बी.एस. प्लांट को जायेगा। लेकिन कृपया करके निरीक्षण करने की एक बार सहमति दे। मुझे पता है यह सब एक औपचारिकता है आप भी जान रहे है। आपको बी.एस. प्लांट की सारी पोल बंजारी मंदिर में ही मिल जायेगी कही जाने की जरूरत नहीं है। यही वो काले पेड़ है जो प्रदूषण का प्रमाण देगी। यही भारत का तालाब होगा जमा मरी हुई मछली उपर तक तैर रही होगी। यही की छतो में लहराता हुआ माताजी का ध्वजा अपने काले होने का प्रमाण दे देगी। आप केवल औपचारिक मात्र के अधिकारी है। आपको पर्यावरण कुछ नहीं देती बस ये प्रबंधक लोग दे देते है लाखो और करोड़े के रकम। मैं सिर्फ तराईमाल की बाते करूंगा। क्योंकि यह आपके जो ई.आई.ए. रिपोर्ट के मुताबिक 10 कि.मी. के दायरे के अंतर्गत 1.4 कि.मी. के दायरे के अंतर्गत आता है। और सबसे ज्यादा प्रभावित वहा है आस–पास 16 प्लांटे है यह भी पता नहीं कि सच है या नहीं। ई.आई.ए. में जो लिखा है उसके अनुसार 16 प्लांटे है। और मैं बाकी गावों का विवरण सुनाने जाउंगा तो यह जनसुनवाई सायद जनसुनवाई नहीं होगी। ग्रामपंचायत तराईमाल को रायगढ़ जिले के सबसे पहले मुली उत्पादन का गढ़ माना जाता था, यही से रायगढ़ जिले को मुली व सब्जी की पुर्ति की जाती थी। आज वही किसान सब्जी खरीद कर खाते है जो पुराने किसान थे उनके लिये तराईमाल अभिशाप बन गया है। अगर कोई भी कृषि करना चाहे तो भूमि ही सर्मिदा हो जायेगी क्योंकि उसकी उर्वरक और जैवीय शक्ति समाप्त हो चुकी है। मेरा

(3)

ग्रामपंचायत–तराईमाल में 10 एकड़ जमीन है और जमीन के रहते हुये भी मैं खुद को भूमिहिन महसूस कर रहा हूँ। अगर मैं चाह कर भी कृषि करना चाहु तो खेतो से 25 प्रतिशत उत्पादन भी संभव नहीं है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि अगर कोई भी जमीन 100 प्रतिशत उत्पादक देने क्षमता रखती है तो उसमें किसान की जवाबदारी होती है कि किसान किस तरह से उर्वरक, जैवीक खाद, पानी और उसके पर्ववेक्षक की रक्षा करें जिससे उसे 100 प्रतिशत उत्पादन निश्चित ही मिले लेकिन तराईमाल की जमीन में 25 प्रतिशत भी उत्पादन की क्षमता नहीं है। अभी वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कोई किसान 01 एकड़ में खेती करता है तो उसे 01 लाख तक की राशी प्राप्त होती है। मेरे पसास 10 एकड़ जमीन है अगर मैं कृषि करना चाहता हूँ तो 100 प्रतिशत में कम से कम मुझे 08 लाख मिलेंगे सालाना। इन प्लांटों के कारण 25 प्रतिशत भी उत्पादन नहीं पायेगी क्योंकि तराईमाल प्रदूषित का क्षेत्र बन चुकी है। यह बी.एस. प्लांट मुझे शेष 75 प्रतिशत राशि 06 लाख सालाना खरीफ फसल का मुआवजा मुझे देगी तब मैं प्लांट का समर्थन करता हूँ। आज जनसुनवाई किसके द्वारा हो रही है, अपनी उपलब्धि, अपने व्यावसायिक चिंता के कारण करा रही है। ई.आई.ए. रिपोर्ट में लिखा है कि ई.एस.पी. निरंतर चालु है ये बतादे कि इनकी ई.एस.पी. 24 घंटे चालु रहती है, क्या ये बैग फिल्टर का सही तरह उपयोग करते है। उन्ही के प्लांट वाले बताते है मुझे कि सुबह 06 बजे से साम के 06 तक ई.एस.पी. चालु रहती है बाकि समय साम 06 से रात 09 बजे तक बंद रहती है। तराईमाल की ई.एस.पी. बिजली मुक्त रहती है क्योंकि यह प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टी होती है। इसी तरह ई.एस.पी. औपचारित रूप से कार्यरत रहता है। 1.4 कि.मी. के दायरे पर सबसे प्रभावित व्यक्ति मैं ही हूँ। ये बोलते है कि प्रत्येक रोज हमारा ई.एस.पी. चालु रहता है तराईमाल 1.4 कि.मी. के दायरे में आता है किसी के भी घर जाकर देखीये 0.5–1.0 कि.मी. में काले डस्ट निकलते है। मेरे द्वारा सभी प्लांटों की जानकारी आई.डी.आई. रिपोर्ट के लिये सौपी गई है जिसमें स्थानिय लोगो के लिये रोजगार देने की बात हो, सी.एस.आर. के तहत् नौकरी देने की बात हों, ग्रामपंचायत के लिये किये गये कार्यो की बात हो, प्लांट प्रदूषित रिपोर्ट बनाते है उसकी बात हो। मेरे द्वारा समस्त जानकारी सूचना आयोग से मांगी गई है। ये प्लांट व प्रबंधक द्वारा बंजारी मंदिर के लिये भी प्रदूषण की रोकथाम के लिये भी विरोध एवं आर.टी.आई. मांगी गई है मेरे द्वारा। बंजारी मंदिर आजादी के पश्चात् संचालित हो रही है यह आस्था का केन्द्र के रूप में विस्तार हो रहा है यह अच्छी बात है हमारे लिये गौरव की बात है। यह जमीन मेरे दादाजी व उनके भाई और शेष जमीन अंकुर गौटिया के द्वारा दिया गया था। यह दान आस्था के नाम पर दिया गया था ना की इस प्रकार जनसुनवाई, पार्टी, दलाली के लिये दिया गया था। इस प्रकार का कार्यक्रम मंदिर परिसर में शोभा नहीं देता। बी.एस. प्रबंधक 18.06 एकड़ में प्लांट प्रस्तावित व स्थापित कर रही है लेकिन मात्र 03–04 एकड़ में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित नहीं करा सकती है लेकिन प्लांट परिसर में जनसुनवाई कराने से उनके सारे पोल खुल जायेंगे। मेरे दादाजी सन् 1962 से बंजारी मंदिर का संचालन व स्वयंसेवा कर रहे थे। वे बताते थे कि पहले भी यहा ज्योति, कलश जलते थे, नवरात्री मनाई जाती थी जिससे यह पता चलता है कि प्लांट मात्र आने से बंजारी मंदिर का विकास नहीं हुआ है। सिर्फ प्रदूषण फैला है। बी.एस. स्पंज लिमिटेड रोजगार देने के लिये नहीं छिनने के लिये है। ये प्लांट बता दे कि ग्रामपंचायत–तराईमाल में के कितने स्थानीय लोगो को ये रोजगार दिये है। ग्रामपंचायत–तराईमाल की कुल

आबादी 04 हजार से अधिक है जिसमें व्यस्क व्यक्ति की आबादी 2280 के आस–पास है जिसमें योग्य साक्षारता 1200 के आस–पस है, अयोग्य बेरोजगार 50–60 है। कॉलेज, ग्रेज्यूवेट बेरोजगार 900–1000 के आस–पास है। क्या उद्योग को समर्थन देकर प्रदूषण से प्रभावित होने के लिये ही कर रहे है। तो ये सारे व्यक्ति, प्लांट में जमीन दिये है और उन्हीं को रोजगार नहीं है। और मुख्य बात यह है कि स्थानीय लोग का भविष्य नहीं देखा जाता। आपके प्रबंधक से निवेदन है कि कोई सिनियर एच.ओ.डी. है अंकित सिंह और जी.एम. सायद राठौर मंच के माध्यम से परिचित करवाये उन्हे ताकि उनके विषय में भी कुछ बोल सकु। अंकित सिंह द्वारा सबसे पुराने कर्मचारी जो स्टैब्लिस करके बी.एस. प्लांट में निरंतर 15 साल तक काम किया है उनसे रिजाईन लेटर मांगा गया। उनकी बस इतनी ही गलती थी कि वे लॉकडाउन के समय घर चले गये थे। कोरोना काल में प्लांट उनका सहायता नहीं किया और उनको निकाल दिया गया और इसी तरह अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। ये प्लांट सी.एस.आर. के तहत् किस प्रकार की नौकरी देते है स्थानिय लोगो को कितनी नौकरी दी है। लेकिन उन्ही के प्लांट में कार्यरत मजदुरो को ये बी.एस. प्लांट किस तरह के सुरक्षा का मुहैया कराये। ग्रामपंचायत–तराईमाल के चारो ओर प्लांट है लेकिन सिर्फ अपवाद प्लांट नलवा स्टील के पास ही एम्बुलेंस की सुविधा है। बाकि सब प्लांट पैसे कमाने के लिये आये है।करोड़ो का बिजनस करो बस यही आता है प्लांटों को। ग्रामपंचायत–तराईमाल में सिर्फ बी.एस. स्पंज प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा रोलिंग मिल संचालित है जहा पर सरिया का उत्पादन किया जाता है लेकिन ये सरिया बड़े–बड़े व्यापारी 10–20 टन सरिया लेने वालो को ही ये व्यापार करते है, उन्ही को बेचते है ना की स्थानीय ग्रामीण व्यक्ति को। जब कोई स्थानिय व्यक्ति छड़ लेने पहुचता है तो इनके पास उपलब्ध नहीं रहती है छड़। ग्रामपंचायत–तराईमाल में ही इनका स्थापित हुआ है, विस्तार हुआ है संचालित कर रहे है। और जब ग्रामीण 01–02 टन छड़ लेने पहुचता है तो उसे जी.एस.टी. नंबर मांगा जाता है, कहां से लायेंगे सर ग्रामीण जी.एस.टी. नंबर, साथ ही ये छड़ बाजार भाव से 02 रूपया महंगा मिलता है। क्या होलसेल वालो को सस्ता में देते है और ग्रामवासियों के लिये 02 रूपया एक्ट्रा बढ़ा दिया जाता है। प्लस जी.एस.टी. भी मांगा जाता है तो इस प्रकार का महत्व नहीं देते है ग्राम वालो को। अगर मैं बोलु जो आते है राधेश्याम शर्मा जी एक ही व्यक्ति गांव को हिला कर रख देता है। इस तरह जब 09 बन गये राधेश्याम शर्मा उस दिन यहा प्लांट प्रबंधन को भगना पड़ जायेगा और यह जल्द ही करेंगे। इनकी ई.आई.ए. रिपोर्ट पर आता हूँ ये बोल देते है कि 3.5 प्रतिशत में बस्ती है और इण्डस्ट्रीयल एरिया 6.5 प्रतिशत। ईआईए. में 36 गांव है जबकि 46 गांव हैं रायगढ़ में फर्जी ई.आई.ए. से ही उद्योग का विस्तार किया जा रहा है। 36 गाव की बस्तीयां सीर्फ 3.5 प्रतिशत में ही सामिल की जा रही है। कोरबा में 43 प्रतिशत पी.एम. 10 प्रदूषित माना गया है और रेड जोन में सामिल किया गया है। जल्द ही रायगढ़ जिला भी रेड जोन में शामिल होगा। ये बता देते है कि पी.एम. 2.5 का व्यास 2.5 माईक्रो मीटर होता है इसका मतलब यह होता है कि सरसो के दाने को हम 70–80 टुकड़े करे तो यह 2.5 होता है। क्या ये हमारे श्वसन अंग को प्रभावित नहीं करते है आप कंपनी वाले 22.2 से 49.8 माईक्रो घनमीटर लिख देते है और इसी को 365 से गुणा करके देखीये कितनी उत्पादक बनती है इसकी। पी.एम. 10 माईक्रो मीटर से भी कम व्यास वाले इसका मतलब सरसो के दाने को 20–30 टुकड़े किये जाने पर यह पी.एम. 10 बनते है। जो तराईमाल मे स्थानिय निवासियों के

आंगन में गिरते है जो पी.एम. 10 है। और ये ई.आई. रिपोर्ट में लिखते है कि कुल ई.आई.ए. में 250 के 06 किल्न स्थापना किया जा रहा है। अगर ये 365 दिन निरंतर काम करते है तो 04 लाख 95 हजार टी.पी.डी. का माल बना लेता है। और इनकी ई.आई.ए. रिपोर्ट में भी प्रस्तावित है कि 04 लाख 95 हजार टी.पी.डी. तो शेष 65 दिन में ये क्या करेंगे। अगर ये चाहे तो 65 दिन में प्रस्तावित किल्न में 97 हजार 500 टी.पी.डी. उत्पादन कर सकते है आयरन। अपनी संचालित क्षमता से 03 गुनी विस्तार करने के लिये यह जनसुनवाई हो रही है। हर प्लांट से संचालित क्षमता से 03 गुनी का विस्तार किया गया है। आप यह ई.आई.ए. रिपोर्ट देख सकते है। और निश्चित ही कुछ समय बाद या कुछ दिनों बाद भयानक संकट की स्थिति निर्मित होगी जिससे हम भी ग्रसित होंगे, तराईमाल तो पुरा प्रभावित होगा ही। तो मैं बी.एस. कंपनी का घोर विरोध करता हूँ।

568. दीपक शर्मा, तराईमाल – विरोध करता हूं, मैं बेरोजगार हूँ।
569. खिरसागर मालाकार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
570. कन्हैयालाल गुप्ता, – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
571. पंचराम मालाकार, तराईमाल – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
572. मुकेश अग्रवाल, गेरवानी – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
573. गंगाप्रसाद, सामारूमा – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
574. अश्वनी पटेल, तराईमाल – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
575. नरेश घोय, तुमीडीह – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
576. राजेश गुप्ता, सराईपाली – मैं विरोध करता हूँ। ई.आई.ए. रिपोर्ट अगर 10 कि.मी. की परिधि में बनाई जाती है तो हमारे गांव को ईस ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रतिलिपि क्यो नहीं दिया गया है। हमारा गांव 03 कि.मी. में आता है। हमें भी शुद्ध वातावरण चाहिए ये हमारा अधिकार और आप लोग हमारे अधिकार का हनन कर रहे है।
577. करण, तराईमाल – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ। स्थानीय लोगो को बहुत कम नौकरी मिली है हमें भी नौकरी दे।
578. बोधराम, – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
579. सुनील कुमार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
580. कमल कुमार – मेसर्स बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 3:00 बजें कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री महेश्वर रेड्डी द्वारा बताया गया कि ये प्रस्तावित परियोजना में लोकल लोगो को नोकरी दिया जायेगा। 45 दिन का नियम रखा है मिनिस्ट्री नें। ये कोई नियम का उल्लघन नहीं है। प्रस्तावित विस्तारण में वायु प्रदूषण के लिये बैग फिल्टर लगाया जाया। ये विस्तार फौरेस्ट लैण्ड में नहीं कंपनीं की जमीन हो रहा है। प्रस्तावित परियोजना में कोई दूषित जल बाहर नहीं जायेगा , सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट में से फिल्टर किया जायेगा। कंपनी से निस्तारित पानी को वृक्षारोण सिंचाई में उपयोग किया जायेगा। तराईमाल से 10 कि.मी.

में कितना रिर्जव फारेस्ट है मैं में हमने आकलन किया गया है। देवलमुड़ा नाला से पानी लिया जायेगा। विस्तार में कोई ग्राउण्ड वाटर का उपयोग नहीं किया जायेगा। 36 एकड़ में ग्रीन बेल्ट होना है। तराईमाल में 10 कि.मी. की परिधि के अनुसार जितना गांव आता है उतना ही मेनशन किया गया है। फ्लाई एश का निपटान मापदण्ड के अनुसार ही किया जायेगा। सी.एस.आर. में 3.84 करोड़ का प्रावधान है। चिमनी में लगी ई.एस.पी. आज सी.ई.सी.बी से कनेक्टेड है अगर बंद की जाती है तो उनको पता चल जाता है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार में एम्बुलेंस का उपयोग किया जायेगा।

सुनवाई के दौरान 131 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 02 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई। लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात सायं 3:30 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

10/3/2

(एस.के. वर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

(आर.के. कटारा)
अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)